भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †5249

उत्तर देने की तारीख - 04/04/2022

जनजातीय संग्रहालय

†5249. श्री सुरेश पुजारी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार आने वाले वित्तीय वर्ष में पिछले वर्ष की तरह देश के विभिन्न विरासत स्थलों पर नए जनजातीय संग्रहालय बनाने की योजना बना रही है जहां पर आदिवासी समुदायों के स्वतंत्रता सेनानियों ने गौरवपूर्ण तरीके से मातृभूमि के लिए योगदान दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार बरगढ़ जिले के घेंस गांव में एक जनजातीय संग्रहालय की स्थापना पर विचार कर रही है जहां आदिवासी जमींदार शहीद माधब सिंह और उनके पुत्र कुंजेल सिंह, ऐरी सिंह, बैरीब सिंह, हटी सिंह, दामाद गोबिंद सिंह और कई अन्य लोगों को या तो फाँसी पर लटका दिया गया या गोली मार दी गई या उन्हें आजीवन निर्वासित कर दिया गया; और

(ग) क्या सरकार जनजातीय संग्रहालय और विरासत केंद्रों को उन सभी लोगों के सम्मान के रूप में मानती है, जो 1857 से बहुत पहले लड़े थे और घेंस बरगढ़ और कोलाबीरा, लखनपुर और झारसुगुड़ा, जो दोनों ओडिशा के बरगढ़ संसदीय क्षेत्र में स्थित हैं, के अन्य स्थानों में राष्ट्र के लिए शहीद हो गये थे?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) से (ख): जनजातीय कार्य मंत्रालय, 'जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को सहायता' योजना के तहत, उन जनजातीय लोगों के जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था, वीरता और देशभक्तिपूर्ण कार्यों को महत्व देने के लिए जनजातीय संग्रहालयों की स्थापना के लिए राज्य सरकार को निधि प्रदान करता है। राज्य जनजातीय कल्याण विभागों को अपने राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय की स्थापना के लिए बजटीय मांग के साथ विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। सचिव, जनजातीय कार्य की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर की समिति (एनएलसी) द्वारा प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन किया जाता है। अब तक, मंत्रालय ने 'टीआरआई को सहायता' योजना के तहत अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और गोवा अर्थात 10 राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों को मंजूरी दी है।

बरगढ़ जिले के ग्राम घेंस में जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के संबंध में, ओडिशा सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): वर्तमान में ओडिशा सरकार की ओर से घेंस बरगढ़ और कोलाबीरा, लखनपुर और झारसुगुदैन ओडिशा के अन्य स्थानों में जनजातीय संग्रहालय और विरासत केंद्रों की स्थापना के लिए कोई विशेष प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****